<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–05.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का आज होगा विस्तार, दिन के साढ़े बारह बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंत्रियों को दिलायेंगे शपथ।
- कांग्रेस की ओर से दीपिका पांडेय सिंह, राधाकृष्ण किशोर, इरफान अंसारी और शिल्पी नेहा तिर्की बनेंगे मंत्री, झामुमो और राजद ने भी तय किये मंत्रियों के नाम।
- जेएसएससी–सीजीएल के परीक्षा परिणाम घोषित, दो हजार दो सौ इकतीस अभ्यर्थियों की सूची जारी, 16 दिसंबर से होगा डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन।
- नीति आयोग और जनजातीय कार्य मंत्रालय की टीम ने गुमला जिले का किया दौरा, औरापाठ को पीएम जनमन मॉडल ग्राम के रुप में किया जायेगा विकसित।
- रांची समेत पूरे राज्य में अगले तीन दिन बढेगी ठंड, मौसम विभाग ने आठ दिसंबर को बारिश का जताया पूर्वानुमान।

<u>****************</u>

हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार आज दोपहर साढे 12 बजे होगा। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ग्यारह मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। कांग्रेस ने अपने कोटे के चार मंत्रियों के नाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेज दी है। इनमें दीपिका पांडेय सिंह, राधाकृष्ण किशोर, इरफान अंसारी और शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा पार्टी कोटे से बनाये जा रहे मंत्रियों के चयन में क्षेत्र, जाति और अनुभव का ख्याल रखा गया है।

इधर, झामुमो की ओर से मथुरा प्रसाद महतो, लुईस मरांडी, आनंद प्रताप देव, रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ और हफिजुल हसन के नाम लगभग तय हैं। राजद की ओर से संजय प्रसाद यादव मंत्री बनेंगे। मंत्रियों को शपथ दिलाने से पहले राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर के रुप में स्टीफन मरांडी को शपथ दिलायेंगे।

<u>****************</u>

राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि नयी कैबिनेट झारखंड को देश के नम्बर वन राज्य बनाने में कामयाब होगी।

<u>****************</u>

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने भी नयी कैबिनेट को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नयी सरकार को जनहित के मुद्दों पर तेजी से काम करना चाहिए।

<u>****************</u>

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। आयोग ने 2 हजार 231 सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। परीक्षा परिणाम के साथ ही डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। 16 से 20 दिसंबर तक दस्तावेज की जांच होगी।

<u>****************</u>

गुमला जिले के औरापाठ गांव को पीएम जनमन मॉडल ग्राम के रुप में विकसित किया जायेगा। इस सिलसिले में नीति आयोग और केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की टीम ने आकांक्षी प्रखंड डुमरी स्थित औरापाठ गांव का दौरा किया। नीति आयोग के उपसचिव अरविंद कुमार के नेतृत्व में आयी अधिकारियों की टीम ने गांव में बहाल सुविधाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि पहले चरण में देशभर के छह पीएम जनमन मॉडल गांव के रुप में विकसित किया जा रहा है। इनमें गुमला जिले का औरापाठ गांव भी शामिल है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

झारखंड के 50 कामगार विदेश में फंस गए हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर सभी कामगारों को झारखंड लाने की कागजी कार्रवाई पूरी हो गई है। 11 से 18 दिसंबर के बीच बारी–बारी से सभी लोग अपने घर लौटेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राज्य में विधानसभा चुनाव की वजह से मजदूरों की वापसी में देरी हो गई।

****************

साहिबगंज जिले में आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

****************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान ठंड बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि तीन दिनों के बाद मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। श्री आनंद के अनुसार आठ और नौ दिसंबर को आसमान में बादल छायेंगे और राज्य के उत्तरी भाग में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है।

****************

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को 5–3 से हराकर खिताब हासिल किया। अरिजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराकर खिताब की हैट्रिक लगाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का पांचवां खिताब रहा।

****************

## कुछ संक्षिप्त खबरें

- देवघर जिले में उपायुक्त विशाल सागर ने एम्स प्रबंधन के साथ बैठक कर मरीजों की सुविधाओं में विस्तार पर चर्चा की। इस सिलसिले में उपायुक्त ने कई दिशा–निर्देश भी दिये।
- कोडरमा में रेलवे यूनियन के चुनाव को लेकर मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो कल तक जारी रहेगी। चुनाव को लेकर रेलकर्मियों में उत्साह देखा जा रहा है।
- बिहार–झारखंड को जोड़ने वाली कोडरमा घाटी के नवमा माईल के पास बीती रात कार और बस की टक्कर में कार सवार चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****************

## अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज होने वाले हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–दीपिका, इरफान, राधाकृष्ण, शिल्पी, बिरुआ, हफीजुल, रामदास व संजय प्रसाद बनेंगे मंत्री।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–हेमंत के मंत्रियों को आज गवर्नर दिलायेंगे शपथ।

दैनिक जागरण लिखता है–हेमंत सरकार आज लेगी आकार।

प्रभात खबर की सुर्खी है–सीजीएलः प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए 2231 अभ्यार्थियों को बुलाया।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–मुख्यमंत्री की पहल पर स्वदेश लौटेंगे झारखंड के 50 कामगार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि हिन्दुस्तान टाइम्स ने महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडनवीस के आज मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

****************